Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांकः 22/07/2022

प्रकाशनार्थ

**अंग्रेजी विभाग ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लहराया तिरंगा**

दीनदयाल उपाध्याय अंग्रेजी विभाग ने एक अनूठी पहल करते हुए अपने विभाग के सभी सोशल मीडिया अकाउंट की डीपी एवं प्रोफाइल पर तिरंगा लगाया है. इस पहल से प्रेरित होकर विभाग के ही सोशल मीडिया अकाउंट के साथ ही विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भी अपने व्यक्तिगत अकाउंट पर भी तिरंगा लगाया है। यह बताना उल्लेखनीय है कि इस समय पूरे भारत में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। देश में इस महोत्सव को मनाने के लिए अलग अलग तरीके से कार्यक्रम हो रहे हैं अगस्त माह का कार्यक्रम जारी भी हुआ है। 22 जुलाई 1947 को देश का तिरंगा अंगीकार हुआ था आज तिरंगे के सम्मान में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा गत 19 जुलाई को जारी निर्देश में यह कहा गया था कि 22 जुलाई को विभागों द्वारा एवं व्यक्तियों द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर तिरंगा लगाया जाए और इसका प्रचार–प्रसार भी किया जाए। अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष प्रो अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि तिरंगा हमारी आन बान और शान है और हम आजादी का अमृत महोत्सव मनाने जा रहे हैं। इसको लेकर विद्यार्थियों में भी उत्साह रहा और उन्होंने अपने फेसबुक, ट्विटर ,इंस्टाग्राम, लिंकडइन, और यूट्यूब की डी पी एवं प्रोफाइल को बदलकर तिरंगा कर दिया है . अभी तक विभाग के 150 से ज्यादा विद्यार्थियों ने अपने अलग अलग सोशल मीडिया अकाउंट पर तिरंगा लगाया है और लोग लगा भी रहें हैं प्रो शुक्ला ने बताया कि अगस्त माह में अमृत महोत्सव को मनाने के लिए विभाग अलग अलग तरीके के कार्यक्रम कराएगा.

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur